पंजाब केसरी
SUN,07 AUGUST 2022
EDITION: FATEHABAD KESARI, PAGE NO. 4

छात्राओं के दाखिले की सुविधा के लिए महिला महाविद्यालय में सहायता केंद्र स्थापित

महाविद्यालय में स्थापित सहायता केंद्र पर ऑनलाइन आवेदन करवाती हुई छात्राएं। (झंडई)

रतिया, 6 अगस्त (झंडई) : यहां राजकीय महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रविंद्र पुरी ने कहा कि हरियाणा के उच्चतर शिक्षा विभाग के ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के तहत बी.ए. व बी.कॉम प्रथम वर्ष में दाखिले के लिए जिन छात्राओं ने अभी तक प्रवेश के लिए ऑनलाइन फार्म नहीं भरे हैं, वे शीघ्रातिशीघ्र फार्म भरें। आवेदन करने की अंतिम तिथि 8 अगस्त निर्धारित की गई है।

प्राचार्य डॉ. रविन्द्र पुरी व उप प्राचार्य प्रेम मेहता ने बताया कि ऑनलाइन फार्म भरने आने वाली छात्राओं के लिए महाविद्यालय में सहायता केन्द्र स्थापित किया गया है, जिसमें मुक्ता शर्मा, संजय, ज्योति, अमन छात्राओं की प्रवेश संबंधी समस्याओं का निराकरण करके उनका ऑनलाइन फार्म भरने में सहायता करते हैं।

उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा महाविद्यालय में बी.ए., बी.कॉम और एम.ए. हिन्दी द्वितीय व तृतीय वर्ष की फीस भी 13 अगस्त तक भरनी सुनिश्चित की गई है। छात्राएं निर्धारित तिथि तक फीस अवश्य भर दें, अन्यथा इसके बाद लेट फीस लगनी आरंभ हो जाएगी। प्रो. सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि कला संकाय प्रथम वर्ष में 320 व वाणिज्य संकाय में 80 सीटों पर प्रवेश किया जाएगा। एम.ए. हिन्दी प्रथम वर्ष की 60 सीटों की प्रवेश प्रक्रिया का शैड्यूल भी जल्द ही जारी किया जाएगा।